कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 03/2025 **दिनांक 15/03/2025**

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 14.03.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

01. थाना दुल्लहपुर पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 37/25 धारा 309(6),115(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित 01 नफर अभियुक्त को 01 अदद तमन्चा .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस व 12502 रुपये के साथ किया गया गिरफ्तार।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 14.03.2025 को थानाध्यक्ष दुल्लहपुर मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 37/25 धारा 309(6),115(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1.मनोहर चौहान पुत्र बजरंगी चौहान 2.बलराम चौहान पुत्र बेचू चौहान निवासीगण ग्राम मडरिया थाना दुल्लहपुर गाजीपुर को रामपुर पतारी मोड के पास से एक अदद तमन्चा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस व 12502 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः—

1. मनोहर चौहान पुत्र बजरंगी चौहान 2. बलराम चौहान पुत्र बेचू चौहान नि0गण मडरिया थाना दुल्लहपुर गाजीपुर।

आपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0-37/25 धारा 309(6),115(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर।

बरामदगीः-

1 .एक अदद तमन्चा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस व 12502 रुपया नकद

पुलिस अधीक्षक
गाजीपुर